## महत्वपूर्ण एवं खास

### बैडमिंटन एशिया मिक्सड टीम चैम्पियनशीप दुबई के लिए आकर्षि का चयन

**दुर्ग (आरएनएस)।** बैडमिंटन में वर्ल्ड रैंकिंग खिलाड़ी छत्तीसगढ़ दुर्ग की निवासी आकर्षि कश्यप ने बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा नोएडा(उत्तरप्रदेश) में आयोजित सेलेक्शन ट्रायल में असम की खिलाड़ी अस्मिता चहिये को हराकर अपनी जगह पक्की कर ली है। जिससे आकर्षि दुबई में 14 से 19 फरवरी तक आयोजित बैडमिंटन एशिया मिक्सड टीम चैम्पियनशीप में हिस्सा लेगी। वुमेन्स सिंगल्स में आकर्षि कश्यप और पीवी सिंधू देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।आकर्षि का अगला इंटरनेशनल टूर्नामेंट मलेशिया मास्टर सुपर 1000 कुआला लूम्पूर में 10 जनवरी से शुरु होगा। पहला मैच चाइना के ताईपेई प्लेयर वेन चीसी से होगा। सेलेक्शन ट्रायल बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 3 जनवरी को नोएडा के राईस स्पोट्र्स अरेरा में आयोजित किया गया था।सेलेक्शन ट्रायल में देश की स्टार खिलाड़ी साईना नेहवाल को भी हिस्सा लेना था, लेकिन वह शामिल नहीं हो पाई।



### स्कूली बच्चों ने खाया रतनजोत, 10 छात्र बीमार, इतने की हालत गंभीर, मचा हडक़ंप

**बेमेतरा (आरएनएस)।** स्कूल में मध्यान्ह भोजन के समय स्कूली बच्चों ने रतनजोत बीज खा लिया, जिससे 10 बच्चों की हालत बिगड़ गई है. वहीं 2 बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है । मिली जानकारी के मुताबिक 10 बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ लाया गया है. इसमें 2 की हालत गंभीर बनी हुई है. जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे के निज सहायक, स्ष्ठरू नवागढ़ और नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोष अस्पताल पहुंचे. यहां डाक्टर्स को उचित इलाज के लिए निर्देश दिए. नवागढ़ थाना क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला खरहरी का मामला है. बच्चों का इलाज चल रहा है।

### बदमाशों ने पति-पत्नी को घर में घुसकर पीटा, खौफ के साए में परिवार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** न्यायधानी में एक बार फिर हिस्ट्रीशीटर की दबंगई सामने आई है. घर में घुसकर दंपति को बेहरहमी से पीटा है. केस दर्ज करवाने के नाम पर आदतन बदमाश विक्की पांडे और उसका साथी राहुल माखीजा ने घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। पुलिस अपराध दर्ज कर इसकी जांच कर रही है. पूरा मामला सकरी थाना क्षेत्र के अमेरी आवास पारा का है. जहां पीड़िता ऋतु मरकाम और पति अभी साधू की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है. इधर इस सकरी पुलिस अपराध दर्ज कर फरार हिस्ट्रीशीटर विक्की पांडे और उसके साथी राहुल माखीजा की तलाश कर रही है. इसके साथ ही विक्की पांडे के खिलाफ जिला बदर की फाइल भी तैयार की गई है, जिसे वरिष्ठ कार्यालय में भेज दी गई है।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** गुढियारी पुलिस ने चाकू लहराते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि जगन्नाथ चौक खालबाड़ा के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी निखिल बघेल 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# रेलवे ने आठ एक्सप्रेस ट्रेनों में लगाया अतिरिक्त कोच, जनवरी तक मिलेगी सुविधा



**रायपुर |** नए साल का जश्न मनाने के लिए लोग दोस्तों, स्वजनों के साथ पर्यटन और धार्मिक स्थल जाने के लिए पिछले एक महीने से एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकट बुकिंग कराए हुए हैं।

यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखकर रेलवे प्रशासन ने आठ प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाया है। बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस, कोरबा-इतवारी-बिलासपुर शिवनाथ एक्सप्रेस, इतवारी-बिलासपुर- इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस, कोरबा-कोच्चुवेली-कोरबा, दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग, दुर्ग-कानपुर, दुर्ग-अजमेर समेत आठ एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। यात्रियों को कंफर्म बर्थ दिलाने रेलवे ने ये फैसला लिया है। यात्रियों को यह सुविधा पूरे जनवरी महीने तक मिलेगी।

रायपुर रेल मंडल से मिली जानकारी के अनुसार नए साल पर यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा बिलासपुर से एक जनवरी से चार जनवरी 2023 तक और इंदौर से दो से पांच जनवरी तक सुवधिा रहेगी। कोरबा-इतवारी-बिलासपुर शिवनाथ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त कोच की सुविधा कोरबा से एक जनवरी से 31 जनवरी तक और इतवारी से दो जनवरी से एक फरवरी तक मिलेगी।

इसके अलावे इतवारी-बिलासपुर-इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त कोच की सुविधा इतवारी से दो जनवरी से एक फरवरी तक और बिलासपुर से दो जनवरी से एक फरवरी और कोरबा-कोच्चुवेली-कोरबा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त कोच की सुविधा कोरबा से चार, सात, 11 और 14 जनवरी को दी जाएगी।

इसी तरह दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा दुर्ग से छह जनवरी 2023 से 27 जनवरी 2023 तक और नौतनवा से आठ जनवरी 2023 से 29 जनवरी 2023 तक उपलब्ध रहेगी। जबकि दुर्ग-कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा दुर्ग से आठ जनवरी 2023 से 31 जनवरी 2023 तक और कानपुर से नौ जनवरी 2023 से एक फरवरी 2023 तक उपलब्ध रहेगी। वहीं दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा दुर्ग से पांच जनवरी 2023 से 26 जनवरी 2023 तक और नौतनवा से सात जनवरी 2023 से 28 जनवरी 2023 तक उपलब्ध रहेगी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा में हुआ सफल सिजेरियन, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ



**रायगढ़।** दूरस्थ अंचलों में भी स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ हो रही हैं तथा वहां उन्नत उपचार सुविधाएं मिल रही है। इसी क्रम में रायगढ़ जिले के घरघोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज एक ग्रामीण महिला का सफल सिजेरियन ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया। महिला ने बालिका को जन्म दिया है। जच्चा और बच्चा दोनों का स्वास्थ्य ठीक है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर रानू साहू गत दिवस घरघोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निरीक्षण में पहुंची थी। वहां उन्होंने उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और जनरल तथा फीमेल वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, जच्चा-बच्चा वार्ड, ओपीडी तथा आईपीडी का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर साहू ने अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर को सुचारू रूप से चलाने और महिलाओं के नॉर्मल डिलीवरी के साथ सी सेक्शन के लिए भी समुचित व्यवस्था के निर्देश सीएमएचओ को दिए थे। इसी कड़ी में सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में यह सफल सीजेरियन ऑपरेशन डॉ.रजनी नायक द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ.दिनेश नायक व डॉ.आशीषन मिंज द्वारा एनीस्थीसिया दिया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.आर.पैंकरा का नेतृत्व टीम के लिये उत्साहजनक रहा।

## मकान मालिक पर किरायेदार के पुत्र ने किया धारदार हथियार से हमला

❑ आरोपित नाबालिग बालक को लिया गया अभिरक्षा में

❑ अटेम्प्ट टू मर्डर केस में कोतवाली पुलिस ने न्यायालय में किया पेश



**रायगढ़।** थाना कोतवाली में स्थानीय महिला उसके पति पर किरायेदार के लड़के द्वारा चाकू से पसली पर वार कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता बताई कि दिनांक 02/01/2023 को करीब शाम 06.45 बजे किरायेदार महिला और उसके बेटे के बीच झगड़ा हो रहा था। झगड़े के बीच किरायेदार का लड़का "मैं गेट तोड दुंगा" बोला। जिसे सुनकर मकान मालकिन बोली कि "गेट हमारा है, तुम क्यों तोडोगे" इतने में किरायेदार किशोर बालक मकान मालकिन से उलझने लगा जिसे देख मकान मालिक श्यामानंद प्रधान (40 साल) आया और लड़के को क्यो विवाद कर रहे हो बोला जो मकान मालिक से झगड़ा विवाद करते हुये हाथ में रखे चाकू से श्यामानंद प्रधान के पेट में वार किया जो श्यामानंद के बांये पसली में लगी। घरवालों ने श्यामानदं को मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में आहत की पत्नी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने पर आरोपित किशोर बालक पर हत्या का प्रयास का अपराध दर्ज कर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर तत्काल विधि के साथ संघर्षरत बालक को कोतवाली पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया, जिसे आज किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ के समक्ष पेश किया गया है। सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर आर.एस. तिवारी व हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

### आरक्षण और धर्मांतरण पर भारी हंगामा, विधानसभा स्थगित

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज लगातार दूसरे दिन भारी हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही अगले दिन तक के लिए स्थगित हुई। पक्ष विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। पहले कार्यवाही के दौरान हंगामा होने पर कुछ समय के लिए कार्यवाही स्थगित हुई। फिर जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष ने नारायणपुर की घटना को लेकर चर्चा की मांग की। भाजपा सदस्य गर्भगृह में धरने पर बैठ गए। जिन्हें निलंबित कर दिया गया। दोनों पक्षों के बीच नारेबाजी के दौरान विधानसभा की कार्यवाही 4 जनवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद भाजपा सदस्यों ने सदन के बाहर परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए क्वांटिफायबल डाटा आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की।

## अपहृत चार पेटी ठेकेदारों में माओवादियों ने किया दो को रिहा, दो ठेकेदार अब भी कब्जे में

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के माओवाद ग्रस्त क्षेत्र से 24 दिसम्बर को माओवादियों ने चार पेटी ठेकेदारों का अपहरण कर लिया था । जिसमे से दो ठेकेदारों को बीती रात माओवादियों ने रिहा कर दिया है, वहीं दो ठेकेदार अब भी माओवादियों के कब्जे में हैं ।

मिली जानकारी के अनुसार माओवादियों द्वारा 24 दिसम्बर को चार पेटी ठेकेदार कोंडागांव निवासी निमेन्द्र कुमार दिवान, निलचन्द नाग, लोहंडीगुड़ा निवासी टेमरु नाग और चापडी बतैया को अगवा कर लिया था । माओवादियों द्वारा चार ठेकेदारों में से कोंडागांव निवासी निमेन्द्र दिवान और निलचन्द नाग को बीती रात रिहा कर दिया है , वहीं दो ठेकेदार अब भी माओवादियों के कब्जे में है । माओवादियों के द्वारा रिहाई किये जाने के बाद मीडिया और पुलिस को बिना सूचना दिए ही दोनों युवक कोंडागांव रवाना हो गए । इन दोनों की रिहाई की जानकारी रिश्तेदार और परिजनों के द्वारा दिया गया है ।



### सीआरपीएफ कैम्प में माओवादियों ने किया हमला

जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र के धर्मावरम स्थित सीआरपीएफ कैम्प पर माओवादियों 12.30 से 01.00 बजे के मध्य बीजीएल एवं स्वचलित हथियारों से हमला कर दिया था । माओवादियों द्वारा नदी किनारे से धर्मावरम कैम्प पर 10- 15 मिनट तक फायरिंग किया । माओवादियों के हमले के बाद जवानों ने भी जवाबी कार्यवाही प्रारम्भ किया, जवानों के जवाबी कार्यवाही के बाद माओवादी भाग खड़े हुए । इस हमले में किसी प्रकार का कोई जान माल को क्षति नही पहुंची, सभी सुरक्षित हैं ।

## कापू के रतनपुर में पति ने डंडा से पत्नी को पीटा, महिला की मौत

❑ आरोपी को कापू पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

❑ पति के दूसरी पत्नी बना लेने की बात को लेकर दोनों में हुआ था विवाद



रायगढ़। थाना कापू अंतर्गत ग्राम रतनपुर से थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक बलदेव साय पैंकरा को टूकूपारा रतनपुर में एक महिला को उसके पति द्वारा मारपीट कर हत्या करने की सूचना मिली।

सूचना पर थाना प्रभारी कापू वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर तत्काल सहायक उप निरीक्षक बृज किशोर गिरी और हमराह स्टाफ के साथ ग्राम रतनपुर के टुकूपारा पहुंचे। जहां मृतिका बंधनी यादव पति विजय यादव उम्र 32 साल निवासी टूकूपारा रतनपुर की सास समारी बाई पति नैईहर साय यादव उम्र 55 वर्ष निवासी टूकूपारा रतनपुर, थाना कापू ने पुलिस अधिकारियों को अपने परिवारजनों और घटना के संबंध में बताई। समारी बाई ने बताया कि उसके तीन लड़के हैं- सबसे बड़ा लड़का श्यामलाल, दूसरे नंबर का जोहर लाल और सबसे छोटा विजय यादव है। बड़ा लड़का श्यामलाल पुराना मकान में रहता है, उसके साथ ये रहती है। छोटा लड़का विजय यादव रोड किनारे घर बनवा कर अपने परिवार के साथ रहता है। सवेरे (दिनांक 02.01.2023) को लड़का विजय यादव फोन कर बताया कि कल रविवार को नया साल मनाते दोनों पति-पत्नी शराब पिए थे, रात करीब 8:00 बजे विजय की पत्नी बंधनी ने विजय से कहा कि "तुम दूसरी पत्नी बना लिए हो", इसी बात से नाराज होकर विजय ने दो डंडा उसकी पत्नी बंधनी के पीठ में मारा, रात में दोनों सो गए सुबह 5:00 बजे उठकर विजय अपनी पत्नी बंधनी को उठाया नहीं उठी, हिला डुला कर देखा उसकी मृत्यु हो चुकी थी, विजय के बताने पर अपने पति और बड़ा बेटा श्यामलाल को बताई और विजय के घर देखने गये। बंधनी बाई उसके घर के दरवाजे के सामने मरी पड़ी थी। गांव के पंच सरपंच को बताये हैं। मौके पर थाना प्रभारी कापू सब इंस्पेक्टर बीएस पैंकरा ने समारी बाई के रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर शव को पी.एम. के लिये रवाना किया गया तथा आरोपी विजय यादव पिता नैईहर साय यादव उम्र 32 साल निवासी रतनपुर टूकूपारा थाना कापू पर उसकी पत्नी बंधनी बाई का हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसने अपनी मां को बताई घटना का वृतांत बताते हुए उसकी पत्नी की डंडा से मार कर हत्या करना स्वीकार किया जिसके मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त डंडा जप्त कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया है। आरोपी को आज ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा, निर्देशन व मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कापू उपनिरीक्षक बलदेव साय पैकरा के हमराह सहायक उपनिरीक्षक बृजकिशोर गिरी, आरक्षक विजय राठिया और नरेंद्र पैंकरा की आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी व संपूर्ण कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में चार की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग सडक़ हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में वाहन चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।




मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मनसा निवासी मृतक जीतेन्द्र मानिकपुरी 21 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 8912 से अपने दोस्त जीतेश यादव के साथ कहीं जा रहा था। तभी ग्राम टोर-सिलयारी मार्ग में बाइक अनियंत्रित हो गया। जिससे गिरकर जीतेन्द्र मानिकपुरी की मौत हो गई। वही जीतेश को मामूली चोट आई है। वहीं दूसरे मामले में मृतक बलराम पाटले 20 वर्ष अपने दोस्त मुकेश टंडन 18 वर्ष के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 8912 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम गोढ़ी के पास बाइक क्रमांक सीजी 04 एमजी 4053 से टकरा गया। जिससे दोनों की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वहीं ग्राम तुलसी निवासी मृतक कांताप्रसाद वर्मा 23 वर्ष अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी आमासिवनी के पास डस्टर कार क्रमांक सीजी 22 एसी 7500 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## ग्राम धसकामुड़ा में छाल पुलिस ने लगाई चलित थाना

❑ थाना प्रभारी ने ग्रामवासियों को दी अपराधों से बचाव की जानकारी



रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा व एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया द्वारा थाने के स्टाफ के साथ आज दिनांक 03.01.2023 को ग्राम धसकामुड़ा में चलित थाना लगाया गया। गांव में चलित थाना लगाये जाने की जानकारी पर गांव की सरपंच धनकुंवर सिदार, उप सरपंच ठण्डाराम पटेल के साथ गांव के युवा, महिलायें व बुजुर्ग चौपाल में आये। थाना प्रभारी उपस्थित ग्रामवासियों को बताये कि वे उन्हें गांव की तथा उनकी समस्यांए बताये , जिस पर ग्राम प्रमुख की ओर से गांव के एक परिवार को समाज बहिष्कृत करने की शिकायत थाना प्रभारी के संज्ञान में आया जिसे लेकर गांव के प्रमुख लोगों से चर्चा कर थाना प्रभारी उन्हें एक साथ मिल जुलकर रहने की समझाइश दिया गया तथा इस संबंध में विधिक जानकारी दिये। चलित थाना में थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों को वर्तमान में हो रहे सायबर ठगी के संबंध में जानकारी देकर उन्हें ऐसे ठगी से बचने फैक कॉल पर बैंक, एटीएम की जानकारी नहीं देने तथा एटीएम का पासवर्ड किसी को नही बताने कहा गया। थाना प्रभारी द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देकर उनके नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने नहीं देने की समझाइश दिया गया तथा गांव में किसी प्रकार के अनैतिक कार्य अथवा बाहरी लोगों, फेरीवाले आदि की जानकारी शीघ्र थाने में देने कहा गया और उन्हें पुलिस सहायता के लिये थाना प्रभारी छाल, पुलिस कंट्रोल रूम एवं डॉयल 112 पर कॉल करने बताया गया। चलित थाने में थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया के साथ प्रधान आरक्षक छबिलाल पटेल, आरक्षक गोविंद बनर्जी और हरेन्द्रपाल जगत चलित थाने में उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए ब्लॉक स्तर पर प्राचार्यों की बैठक लेने कलेक्टर ने डीईओ को दिए निर्देश

❑ समय-सीमा की सप्ताहिक बैठक में राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई

❑ कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को समन्वय से काम करने कहा

**रायपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज यहां कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी समन्वय से काम कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि ब्लॉक स्तर पर प्राचार्यो की बैठक लेकर बोर्ड परीक्षाओ के बेहतर परिणाम के लिए व्यापक मंथन किया जाए। उन्होंने खनिज अधिकारी से जिले में अवैध रूप से रेत, मुरूम, गिट्टी के खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने कहा। उन्होंने अवैध रूप से संचालित किसी भी खदान से रेत, गिट्टी, मुरूम खोदने और उनके अवैध परिवहन पर संचालको के विरूद्ध पुलिस थानों में प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा, नगर निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, सहायक कलेक्टर जयंत नहाटा, अतिरिक्त कलेक्टर एन.आर.साहू, अपर कलेक्टर बी.बी.पंचभाई एवं बी.सी.साहू, सभी एस.डी.एम तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ भुरे ने छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक की तैयारी की जानकारी लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय से काम करते हुए कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं-स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, सुपोषण अभियान, बिजली बिल हॉफ, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, राशन कार्ड, राजीव गांधी आश्रय पट्टा योजना, गोधन न्याय योजना, धान खरीदी सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आगामी समय में मुख्यमंत्री द्वारा जिले में भेंट-मुलाकात का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी (राजस्व) से कहा कि अपने अनुविभाग के अधिकारियों की बैठक लें, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हो। जिससे कि विभिन्न विभागों की समस्याओं का निराकरण समन्वय से हो सके। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग में संचालित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सभी पात्र हितग्राहियों के राशन कार्ड बनाने और सामाजिक सुरक्षा पेंशन मंजुर करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जनचौपाल और लोकसेवा गांरटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480